रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33002/99 REGD. No. D. L.-33002/99

भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA

दिल्ली राजपत्र
Delhi Gazette

सत्यमेव जयते

एस.जी.-डी.एल.-अ.-19092022-238918
SG-DL-E-19092022-238918

असाधारण
EXTRAORDINARY

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 420]	दिल्ली, सोमवार, सितम्बर 19, 2022/भाद्र 28, 1944	[रा.रा.रा.क्षे.दि. सं. 255
No. 420]	DELHI, MONDAY, SEPTEMBER 19, 2022/BHADRA 28, 1944	[N. C. T. D. No. 255

भाग IV
PART IV

राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र दिल्ली सरकार
GOVERNMENT OF THE NATIONAL CAPITAL TERRITORY OF DELHI

भूमि एवं भवन विभाग

(भूमि अधिग्रहण शाखा)

अधिसूचना

दिल्ली, 19 सितम्बर, 2022

सं.फा. 8(1)/2016/भूमि एवं भवन/भूमि अधिग्रहण/3699.—गृह मंत्रालय, भारत सरकार की दिनांक 21 अक्टूबर, 2014 की अधिसूचना सं. का.आ. 2740 (अ) एवं दिनांक 21 जुलाई, 2015 की अधिसूचना का.आ. 2004 (अ) के साथ पठित भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनःस्थापन में उचित प्रतिपूर्ति एवं पारदर्शिता का अधिकार नियमावली, 2014 के नियम 3 के उप–नियम (1) के साथ पठित भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनःस्थापन में उचित प्रतिपूर्ति एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (2013 का 30) की धारा 4 की उपधारा (1) एवं (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के उपराज्यपाल एतद्द्वारा दिल्ली पुलिस के सार्वजनिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए पुलिस स्टेशन सोनिया विहार के निमार्ण हेतु भूमि अधिग्रहण करने का प्रयोजन रखते हैं। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु शाहदरा गांव, सभापुर राजस्व संपदा के खसरा नं. 191 पर 09 बीघा 12 बिस्वा भूमि का अधिग्रहण किया जाना है। पूर्वोक्त भूमि के संबंध में सामाजिक प्रभाव आंकलन का अध्ययन करने के लिए भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आई.आई.पी.ए) इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, रिंग रोड, नई दिल्ली–110002 को दिनांक 19–9–2022 की अधिसूचना सं.फा. 8(1)/2016/भूमि एवं भवन/भूमि अधिग्रहण/3687 के द्वारा सामाजिक प्रभाव आंकलन इकाई के रूप में निर्दिष्ट किया गया है।

आगे, सामाजिक प्रभाव आकलन का मुख्य उद्देश्य आवश्यकतानुसार सर्वेक्षण तथा जन–सुनवाई के लिए हित धारकों तथा जनता से परामर्श करना है। सामाजिक प्रभाव आकलन प्रतिवेदन तथा सामाजिक प्रभाव प्रबंधन योजना के लिए समयावधि इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से छह माह होगी तथा इसे प्रभावित क्षेत्रों में विशिष्ट स्थानों पर तथा जिला कलेक्टर (उत्तर–पूर्व), नंदनगरी, दिल्ली–110093 कार्यालय में, जैसी भी स्थिति हो, वेबसाइट, पोस्टर, सूचना–पत्र एवं जन–सुनवाई के माध्यम से प्रदर्शित किया जायेगा।

राजधानी क्षेत्र दिल्ली के उपराज्यपाल,
के आदेश से तथा उनके नाम पर,
अशोक कुमार यादव, उप–सचिव (भूमि एवं भवन)

LAND AND BUILDING DEPARTMENT

(Land Acquisition Branch)

NOTIFICATION

Delhi, the 19th September, 2022

F.No. 8(1)/2016/L&B/LA/3699.—In the exercise of the powers conferred by sub-section (1) and (2) of section 4 of the Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Act, 2013 (30 of 2013) read with sub-rule (1) of rule 3 of the Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Rules, 2014, read with Govt. of India, Ministry of Home Affair's Notification No. S.O. 2740(E) dated 21st October 2014, read with S.O. 2004 (E) dated 21st July 2015, the Lieutenant Governor of National Capital Territory of Delhi, intends to acquire land for public purpose of Delhi Police for construction of Police Station Sonia Vihar. The land to be acquired for this purpose is 09 Bigha 12 Biswa of Khasra No. 191 of revenue estate Sabhapur Shahdara village. The Indian Institute of Public Administration (IIPA), Indraprastha Estate, Ring Road New Delhi 110002 has been assigned as the Social Impact Assessment Unit to carry out social impact assessment study in relation to aforesaid land vide Notification No. 8(1)/2016/L&B/LA/3687 dated 19-09-2022.

Further, the main objectives of Social Impact Assessment are consultation with stake holders and public, survey and public hearing wherever required. The time period for Social Impact Assessment report and Social Impact Management Plan will be six months from date of publication of this notification and same will be disclosed by the way of websites, posters, leaflets and public hearing as the case may be at the conspicuous places in affected areas, and in the office of District Collector (North East), Nand Nagri, Delhi -110093.

By Order and in the Name of Lieutenant Governor,
National Capital Territory of Delhi,
ASHOK KUMAR YADAV, Dy. Secy. (L&B)

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.
MANOJ KUMAR VERMA Digitally signed by MANOJ KUMAR VERMA Date: 2022.09.19 21:43:39 +05'30'